**INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR**

| Class: VII-3rd Lang. | Department: Hindi | Class work |
|---|---|---|
| पाठ-9 लालच बुरी बला | Topics: - प्रश्नोत्तर, व्याकरण | PI File in portfolio- |

## अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1. हसन किस बात के लिए बहुत लालची था?
उत्तर: हसन **धन और सोना** इकट्ठा करने लिए बहुत लालची था।

प्रश्न 2. हसन की पत्नी का नाम क्या था?
उत्तर: हसन की पत्नी का नाम **फातिमा** था।

प्रश्न 3. हसन किसके यहाँ नौकरी करता था?
उत्तर: हसन **खलीफा हारून-अल-रशीद** के यहाँ नौकरी करता था।

प्रश्न 4. फातिमा दुकानदारों से क्या माँगती थी?
उत्तर: फातिमा दुकानदारों से **अनाज** माँगती थी।

प्रश्न 5. दुकानदारों ने मदद क्यों बंद कर दी?
उत्तर: क्योंकि फातिमा **रोज़-रोज़ मुफ्त अनाज** माँगने लगी थी।

प्रश्न 6. हसन का स्वभाव कैसा था?
उत्तर: हसन **बहुत लालची और कंजूस** स्वभाव का व्यक्ति था।

प्रश्न 7 दुकानदारों ने क्या योजना बनाई?
उत्तर: उन्होंने सोचा कि वे खलीफा से **हसन के लिए रहम की** दुहाई देंगे।

प्रश्न 8. हसन ने धन बढ़ाने के लिए क्या किया?
उत्तर: हसन ने महल में **चोरी करना शुरू** कर दिया।

प्रश्न 9. "लालच बुरी बला है" कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?
उत्तर: "लालच बुरी बला है" कहानी से शिक्षा मिलती है कि: लालच बुरी आदत है, ईमानदारी सबसे बड़ा धन है, गलत रास्ते का अंत हमेशा दुखद होता है

## सही-गलत प्रश्न (True/False)

1. क्या हसन उदार व्यक्ति था? ✘ (गलत)
2. फातिमा झूठ बोलकर अनाज लेती थी। ✔ (सही)
3. खलीफा न्यायप्रिय थे। ✔ (सही)
4. हसन को फाँसी की सजा दी गई। ✘ (गलत)
5. धन होने पर भी हसन भूखा रहा। ✔ (सही)
6. हसन बहुत लालची और कंजूस इंसान था। ✔ (सही)
7. फ़ातिमा दुकानदारों से सच बोलकर अनाज लेती थी। ✘ (गलत)
8. खलीफ़ा ने हसन को तुरंत फाँसी की सज़ा दी। ✘ (गलत)

## रिक्त स्थान भरिए (उत्तर सहित)

1. हसन ___________ इकट्ठा करने का शौकीन था। → **सोना**
2. फातिमा दुकानदारों से ___________ माँगती थी। → **अनाज**
3. हसन ने महल में ___________ करने का निर्णय लिया। → **चोरी**
4. खलीफा ___________ और न्यायप्रिय थे। → **दयालु**
5. लालच के कारण हसन का _________ सामने आ गया। → **पाप**
6. हसन बगदाद के __________ के यहाँ नौकर था। → **खलीफ़ा**
7. धन होते हुए भी हसन और फ़ातिमा __________ रहे। → **भूखे**
8. खलीफ़ा ने समझाया कि जिस धन का हम उपयोग न कर पाएँ, वह __________ है। → **बेकार**

## बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

1. दुकानदारों ने फ़ातिमा की मदद के लिए क्या योजना बनाई?- खलीफ़ा से रहम की फ़रियाद करना
2. हसन ने दुकानदारों से अनाज पाने के बाद क्या किया? - चोरी करने लगा

3. चोरी करते हुए हसन कहाँ पकड़ा गया?- महल में
4. खलीफ़ा ने हसन को क्या दंड दिया?- गले में अशर्फ़ियों के थैले लटकाने का आदेश
5. अशर्फ़ियों के थैले गले में लटकाकर हसन और फ़ातिमा -परेशान हो गए
6. अंत में खलीफ़ा ने अशर्फ़ियों का क्या किया?- आधी दुकानदारों में बाँटी और आधी खज़ाने में जमा की
7. खलीफ़ा ने हसन और फ़ातिमा को क्या शिक्षा दी? - जिस धन का उपयोग न हो सके, वह बेकार है

**किसने कहा? किससे कहा? Only text-book**

- "खलीफ़ा ने मेरे पति पर झूठा इलज़ाम लगाकर जबरन जेल में ठूंस दिया।"
  → फ़ातिमा ने दुकानदारों से कहा।
- "अपने खलीफ़ा बहुत ही दयालु और न्यायप्रिय हैं।"
  → दुकानदारों ने फ़ातिमा से कहा।
- "जिस धन का हम उपयोग न कर पाएँ, वह बेकार है।"
  → खलीफ़ा ने हसन और फ़ातिमा से कहा।

**घटनाओं का क्रम Only text-book**

1. कंजूस हसन वेतन से ज़रूरत की चीज़ें न लेकर अशर्फ़ियाँ इकट्ठी करता रहता था।
2. फ़ातिमा ने दुकानदारों से पति के जेल में होने की झूठी बात फैलाई।
3. दुकानदारों की बात सुनकर फ़ातिमा घबरा गई।
4. दुकानदारों ने मदद से इनकार कर दिया तो हसन ने चोरी की।
5. खलीफ़ा ने हसन और उसकी पत्नी को गले में अशर्फ़ियाँ लटकाए रहने का आदेश दिया।
6. हसन के पश्चाताप करने पर खलीफ़ा ने माफ़ कर दिया।

व्याकरण -

1. दिए गए उपसर्गों के दो-दो शब्द लिखिए -

1 अ + न्याय = अन्याय , अ + धर्म = अधर्म

2 अप + मान = अपमान , अप + शब्द = अपशब्द

3 अव + गुण = अवगुण , अव + काश = अवकाश

4 आ + आजीवन = आजीवन , आ + मरण = आमरण

5 उप + नाम = उपनाम , उप + देश = उपदेश

6 प्र + योग = प्रयोग , प्र + बल = प्रबल

7 वि + देश = विदेश , वि + नाश = विनाश

8 बे + जान = बेजान , बे + सहारा = बेसहारा

2. दिए गए प्रत्ययों के दो-दो शब्द लिखिए -

1 लालच + ई = लालची , पंजाब + ई = पंजाबी

2 समझ + दार = समझदार , दुकान + दार = दुकानदार

3 बाज़ी + गर = बाज़ीगर , सौदा + गर = सौदागर

4 धन + वान = धनवान , दया + वान = दयावान

5 सुंदर + ता = सुंदरता , मानव + ता = मानवता

6 चाय + वाला = चायवाला , सब्जी + वाला = सब्जीवाला

7 चित्र + कार = चित्रकार , पत्र + कार = पत्रकार

8 पालन + हार = पालनहार , पुष्प + हार = पुष्पहार

**3. मुहावरे अर्थ सहित**

1. लालच में अंधा होना - सही-गलत न समझ पाना
2. हाथ मलना - पछताना
3. मुँह की खाना - हार जाना
4. आँख खुलना - सच्चाई समझ में आना
5. आसमान से बातें करना – बहुत ऊँचा होना
6. नाक कट जाना – अपमान होना
7. कान पकड़ना – गलती मान लेना
8. दाँत खट्टे करना – परास्त करना (बुरी तरह हराना)
9. मन मारना – मन की इच्छा दबा देना
10. हाथ खड़े कर देना – हार मान लेना

# अनुच्छेद - लालच बुरी बला है

लालच इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन है। जब कोई व्यक्ति लालच करता है तो वह संतोष खो देता है और हमेशा अधिक पाने की इच्छा करता है। लालची व्यक्ति कभी खुश नहीं रह सकता क्योंकि उसे जो मिलता है, वह उसे पर्याप्त नहीं लगता। लालच के कारण लोग गलत रास्ते अपनाते हैं और दूसरों का नुकसान करते हैं। यह बुरी आदत इंसान की इज़्ज़त और शांति दोनों छीन लेती है।

लालच से मित्रता और रिश्ते भी टूट जाते हैं। लालची व्यक्ति को समाज में कोई सम्मान नहीं देता। इतिहास में भी कई उदाहरण मिलते हैं जहाँ लालच ने बड़े-बड़े साम्राज्यों को नष्ट कर दिया। हमें समझना चाहिए कि संतोष ही सच्चा सुख है। इसलिए हमें मेहनत से जो मिले उसी में खुश रहना चाहिए और लालच से दूर रहना चाहिए।